एमबीबीएस के 12 छात्रों ने राष्ट्रपति से की इच्छामृत्यु की मांग

चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2022 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के ग्लोकल मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस के 12 छात्रों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इच्छामृत्यु की मांग की है। उन्होंने कलेक्ट्रेट में पहुँचकर सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

प्रमुख बिंदु

- जनपद के गाँव महेशपुर निवासी छात्र शिवम शर्मा, सहारनपुर के विभोर गोस्वामी, मुजफ्फरनगर के रिजवान और विज्ञनेश ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर सिटी मजिस्ट्रेट विवेक चतुर्वेदी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में 12 छात्र-छात्राओं के प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति के नाम थे।
- इन छात्रों ने बताया कि नीट पास करने के बाद उनके एडमिशन 2016 में ग्लोकल मेडिकल कॉलेज में हुए थे। पढ़ाई पूरी करने के एक साल पहले पढ़ाई बंद करा दी गई। एमसीआई ने उनकी पढ़ाई पर रोक लगाई है।
- छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें कोर्ट से भी राहत नहीं मिल सकी। उनका जीवन अंधकारमय हो गया है, इसलिये वो इच्छामृत्यु की मांग करते हैं।
- वहीं ग्लोकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अखिल अहमद ने बताया कि यह मामला पहले भी न्यायालय में जा चुका है, जहाँ पर यह निरस्त हो गया था। जो भी छात्र हैं, उनको यूनिवर्सिटी पहले भी पढ़ाना चाहती थी और आज भी पढ़ाना चाहती है। शासन ने इन्हीं छात्रों की शिकायत पर यूनिवर्सिटी की एनओसी निरस्त की है। उसके बाद भी यूनिवर्सिटी इन छात्रों के साथ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12-mbbs-students-demand-euthanasia-from-the-president